# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 4263 / प्रेस कटिंग / 34 दिनांकः—14.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :— <u>उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त अमर उजाला दिनांक 03 अगस्त 2026 प्रेस कटिंग **'' पुराना ओवरहेड टैंक बना शो—पीस, नए से शुरू नहीं हुई जलापूर्ति''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित है:—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग नींदडू में 2006 में ईदगाह के पास नींदडू खास, बाजीदपुर—बीरू और मोहम्मद अलीपुर भिक्कन पंचायतों के पांच गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 1.14 करोड़ रुपये की लागत से बना 800 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक शोपीस बन गया है। जल निगम ने 2008 में इसे मोहम्मद अलीपुर भिक्कन के प्रधान मुख्तार अहमद को हैंडओवर किया था। करीब 700 घरों में कनेक्शन थे और हर घर से 30 रुपये मासिक वसूली होती थी लेकिन बिजली का बिल जमा नहीं होने पर बकाया बढ़कर 38.42 लाख रुपये हो गया। 26 जुलाई 2019 को कनेक्शन काट दिया गया। तब से यह परियोजना बंद पड़ी है।<br>अब जल जीवन मिशन के तहत बाजीदपुर—बीरू पंचायत के गांव बाजीदपुर और महाबतपुर बीरू तथा नींदडू खास पंचायत के गांव नींदडू खास और चक नींदडू के लिए आबादी से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर 8.31 करोड़ रुपये की लागत से 850 किलोलीटर की क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाया गया है। इससे 14 हजार 535 जनसंख्या लाभांवित होगी। टंकी का कार्य 26 सितंबर 2023 को शुरू हुआ और मौके पर लगे बोर्ड के मुताबिक 25 सितंबर 2024 को पूरा हो गया लेकिन अभी पानी की सप्लाई आरंभ नहीं हो सकी। पाइप लाइन डालने के लिए कई रास्तों में खोदी गई सड़कों में न तो पाइप डाले गए और न ही टूटी सड़कों को समतल किया गया।<br>अब जल जीवन मिशन के तहत बाजीदपुर—बीरू पंचायत के गांव बाजीदपुर और महाबतपुर बीरू तथा नींदडू खास पंचायत के गांव नींदडू खास और चक नींदडू के लिए आबादी से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर 8.31 करोड़ रुपये की लागत से 850 किलोलीटर की क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाया गया है। इससे 14 हजार 535 जनसंख्या लाभांवित होगी। टंकी का कार्य 26 सितंबर 2023 को शुरू हुआ और मौके पर लगे बोर्ड के मुताबिक 25 सितंबर 2024 को पूरा हो गया लेकिन अभी पानी की सप्लाई आरंभ नहीं हो सकी। पाइप लाइन डालने के लिए कई रास्तों में खोदी गई सड़कों में न तो पाइप डाले गए और न ही टूटी सड़कों को समतल किया गया।<br>नींदडू खास के पूर्व प्रधान गुलजार अहमद का कहना है कि उनके कार्यकाल में बनी टंकी से पानी की सप्लाई शुरू हो गई थी। बाद के वर्षों में बिल जमा नहीं होने के कारण विद्युत विभाग ने कनेक्शन काट दिया। नई टंकी से शीघ्र जलापूर्ति शुरू होनी चाहिए।<br>सहकारी समिति नींदडू के पूर्व सभापति राहत अली का कहना है कि नई पाइप डालने का कार्य पूरा नहीं हुआ। नलकूप चलाने के लिए सोलर पैनल की व्यवस्था भी नहीं की गई। ग्रामीणों को पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए।<br>बाजीदपुर—बीरू की प्रधान के पति मोहम्मद नौशाद बताते हैं कि पानी की टंकी और एक नया नलकूप बनकर तैयार है। शेष कार्य पूरा कराकर जल्द पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।<br>बाजीदपुर—बीरू की पूर्व प्रधान के पति अथर हुसैन का कहना है कि टंकी का कार्य धीमी गति से चल रहा है। तीन पंचायतों के पांच गांवों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने वाली दो दशक पहले बनी टंकी शो—पीस बनकर रह गई है।<br>जल निगम के सहायक अभियंता शुभम सक्सैना ने बताया कि धन आवंटन में विलंब के चलते टंकी से संबंधित कार्य बाधित रहे। शासन से धन की व्यवस्था करा दी गई है। जल्द ही पाइप डालने और टूटी सड़कों की मरम्मत समेत शेष कार्य पूरा कराकर उपभोक्ताओं को पानी की सप्लाई आरंभ करा दी जाएगी। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम वाजिदपुर निन्दडू खास, विकास खण्ड अल्हैपुर में फेज—।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना के अन्तर्गत दिनांक 12.08.2026 को सम्बन्धित समबन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं अवगत कराया गया कि योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय, टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, का कार्य पूर्ण है एवं पाइप लाईन का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण है, एजेन्सी द्वारा 2 से 3 माह में अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिये जायेगें।<br>एजेन्सी के पत्रांक VTLGaja-JV/SWSM/Bijnor/2026-27/1636 Dated 13-08-2026 के द्वारा योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार कार्य पूर्ण है एवं 2—3 माह में अवशेष कार्य पूर्ण कर ग्राम में पेयजल आपूर्ति की जायगी।<br>योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने एवं ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी एजेन्सी को निर्देशित कर दिया गया हैं। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3– जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

4– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।

5– श्री दीपक कुमार सहायक अभियन्ता/श्री सचिन देव शर्मा जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
P: +91-120-4950200 | F: +91-120-4950222 | E: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

Ref: VTL-GAJA JV/SWSM/BIJNOR/2026-27/1636 Date: 13-08-2026

To,
The Executive Engineer,
UP Jal Nigam, Near, Laddapura Water
District Bijnor, U.P.

Project: - "Implementation of various Rural Water Supply projects in the State of Uttar Pradesh under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor, and Moradabad Division.

**Subject: In reference of Digital Media Complaint at scheme Wazidpur Nindrukhas Block Alehpur under JJM-Phase-III in District Bijnor, Moradabad Division, and U.P.**

**Ref.:**

1. NIT No. 2481/W-22/NIT/2020-21 dated 27/10/2021.
2. LOA No. 3558/W-25 (Moradabad)/2021-22 dated 07/01/2022.
3. Agreement No. 01/ED/Phase-3/2021-22 dated 07/01/2022.

Dear Sir,

With reference to the above cited subject, we would like to inform you that we had been nominated as implementing agency for the work of Rural Water Supply projects under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor.

In reference to the Digital Media Complaint regarding the scheme at Wazidpur Nindrukhas, Block Alehpur, concerning the completion of execution work and the commencement of regular water supply in the scheme, we would like to inform you that in this scheme we have completed OHT work, TW, PH, Boundary wall work and approx. 70 per DN work. with in 2 to 3 months will completed the pending work

Thank you for your attention and cooperation.

For and on behalf of Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV,

Authorized Signatory

ग्राम पंचायत वाजिदपुर निन्दड़ू खास्, विकास खण्ड नूरपुर जनपद बिजनौर।










